Publication: Dainik Jagran	Pg no: 3
Edition – Delhi	Date: 28.11.20

अशरफ पटेल ने जीता एसईओवाई अवार्ड इंडिया 2020

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के सहयोगी संगठन द श्वाब फाउंडेशन फॉर सोशल एंटरप्रेन्योरशिप और जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन ने प्रवाह और काम्यूटिनी यूथ कलेक्टिव में अशरफ पटेल को द सोशल एंटरप्रेन्योर आफ द इयर(एसईओवाई) अवार्ड इंडिया 2020 का विजेता घोषित किया है। अशरफ को यह अवार्ड वर्चुअल समारोह में विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में महिला और बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने प्रदान किया। स्मृति ईरानी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि अशरफ पटेल देश में एक पीढ़ी के प्रति सहानुभूति, संवेदनशील युवा परिवर्तकों के विकास के माध्यम से क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही हैं। वर्ल्ड इकोनामिक फोरम के संस्थापक एवं कार्यकारी अध्यक्ष प्रो.क्लाउस श्वाब ने कहा कि फोरम इस वैश्विक महामारी के विरुद्ध लड़ाई में अपना अहम योगदान दे रहा है। अशरफ पटेल ने कहा कि युवा नेतृत्व के लिए यह सम्मान एक ऐसे समय में मिला है, जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। दुनिया आज असमानता, संघर्ष और पर्यावरण जैसे गंभीर मुद्दों से घिरी हुई है। इससे पहले कभी भी हमें बेहतर दुनिया बनाने के लिए युवाओं के साथ अधिक सहयोग और साझे नेतृत्व की आवश्यकता नहीं थी, मगर आज है। यह अवार्ड उन्हें समाज सेवा के क्षेत्र में और अच्छा करने की प्रेरणा देगा।